झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची

WEB-NOTICE – 08/2025

वार्षिक माध्यमिक तथा इंटरमीडिएट परीक्षा, 2025 से संबंधित आवश्यक सूचना

सोशल मीडिया, समाचार पत्र, आदि के माध्यम से परिषद् के द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षा के प्रश्नपत्र, परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व वायरल होने संबंधी सूचना परिषद् को प्राप्त हो रहे हैं। ऐसे कार्य असमाजिक तत्वों के द्वारा गलत ईरादे के साथ किए जाते हैं और छात्र एवं उनके अभिभावक उनके आर्थिक दोहन का शिकार बनते हैं। यहाँ सभी संबंधितों को स्पष्ट करना है कि परीक्षार्थी इस तरह के किसी भी भ्रामक सूचना को नजरअंदाज करते हुए पूरे मनोयोग से अपनी परीक्षा की तैयारी करें। परिषद् पारदर्शी तरीके से, पूर्ण गोपनीयता एवं निष्पक्षता के साथ परीक्षा के संचालन हेतु प्रतिबद्ध है। किसी भी खबर की पुष्टि सिर्फ परिषद् के अधिकारिक वेबसाईट से ही प्राप्त करने का प्रयास करें।

सभी संबंधित छात्र/छात्राओं, उनके अभिभावकों एवं परीक्षा में संलग्न पदाधिकारियों से अनुरोध है कि ऐसे अवांछित समाचार पर ध्यान नहीं देते हुए शान्तिपूर्ण वातावरण में परीक्षा आयोजन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

नोट : यदि भ्रामक खबर फैलाने वाले असमाजिक तत्वों के संबंध में कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो इसकी सूचना अविलम्ब स्थानीय जिला प्रशासन (उपायुक्त, आरक्षी अधीक्षक एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी) को दी जाय।

अध्यक्ष के आदेश से,

ह0/–

सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्,
राँची।

ज्ञापांक : JAC/गो0/3262/24-Secy/180/25 राँची, दिनांक : 19.02.2025

प्रतिलिपि : सभी उपायुक्त एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–

सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्,
राँची।